डा. अम्बेडकर इन्स्टीट्यूट ऑफ टैक्नॉलॉजी फॉर हैण्डीकैप्ड, उ. प्र. कानपुर –24

## प्रशासकीय परिषद की नवम् बैठक दिनांक 14.10.2014 का कार्यवृत्त

उपस्थिति :–

| क्र. सं. | नाम व पदनाम | स्थिति |
|---|---|---|
| 1 | प्रो0 शिवाकान्त ओझा, मा0 मंत्री प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 शासन, लखनऊ। | अध्यक्ष |
| 2 | श्री संजीव मित्तल, प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 शासन, लखनऊ। | उपाध्यक्ष |
| 3 | श्री एस0के0 विश्वकर्मा, विशेष सचिव, न्याय, उ0प्र0 शासन, लखनऊ। (सचिव, न्याय उ0 प्र0 शासन द्वारा नामित) | सदस्य |
| 4 | श्री धीरज पाण्डेय, संयुक्त सचिव, वित्त विभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ। (प्रमुख सचिव, वित्त, उ0प्र0 शासन द्वारा नामित) | सदस्य |
| 5 | डा0 सुनील कुमार, उपसचिव, विकलांग कल्याण विभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ। (सचिव, विकलांग कल्याण विभाग, उ0 प्र0 शासन द्वारा नामित) | सदस्य |
| 6 | श्री ओ0पी0 वर्मा, निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0, कानपुर। | सदस्य |
| 7. | डा0 आनन्देश्वरी अवस्थी, संयुक्त निदेशक नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ। (प्रमुख सचिव, नियोजन उ0 प्र0 शासन द्वारा नामित) | सदस्य |
| 8 | प्रो. ए0के0 नागपाल, निदेशक, एच.बी.टी.आई, कानपुर। | सदस्य |
| 9 | श्री परवेज आलम, सहायक निदेशक, विकलांग पुर्नवास केन्द्र, कानपुर। | सदस्य |
| 10 | श्री गौरव चन्द्रा, निदेशक, डा. अम्बेडकर इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी फार हैण्डीकैप्ड, उ. प्र., कानपुर। | सदस्य–सचिव |

**कार्यवाही:**

सदस्य सचिव ने माननीय अध्यक्ष/उपाध्यक्ष एवं प्रशासकीय परिषद के सम्मानित सदस्यों का स्वागत करने के उपरान्त कार्यवाही प्रारंभ करने हेतु मा0 अध्यक्ष महोदय से अनुमति प्राप्त की एवं तत्पश्चात् एजेण्डा बिन्दुओं पर कार्यवाही प्रारम्भ की गयी।

**09.01 संस्थान की प्रशासकीय परिषद की अष्टम बैठक दिनांक 18.04.2013 के कार्यवृत्त की पुष्टि।**

प्रशासकीय परिषद द्वारा दिनांक 18.04.2013 को आहूत अष्टम बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि की गयी।

**09.02 संस्थान की प्रशासकीय परिषद की अष्टम बैठक दिनांक 18.04.2013 के निर्णयों/संस्तुतियों पर कृत कार्यवाही।**

प्रशासकीय परिषद द्वारा दिनांक 18.04.2013 को आहूत अष्टम बैठक के निर्णयों व कृत कार्यवाही को अवलोकित किया गया।

**09.03 संस्थान की प्रगति आख्या का अवलोकन एवं विचार।**

संस्थान की प्रगति आख्या में उल्लिखित बिन्दुओं को प्रशासकीय परिषद द्वारा संज्ञान में लिया गया व यह भी निर्देश दिये कि प्रशासकीय परिषद की अगली बैठक वर्तमान वित्तीय वर्ष की समाप्ति के पूर्व अवश्य आहूत की जाय।

**9.04 संस्थान की प्रशासकीय परिषद की अष्टम बैठक के उपरान्त सम्पन्न हुई वित्त समिति की बैठकों के कार्यवृत्तों का पटलीकरण/अवलोकन व अनुमोदन।**

प्रशासकीय परिषद की अष्टम बैठक दिनांक 18.04.2013 के उपरान्त सम्पन्न वित्तीय समितियों की निम्नलिखित बैठकों के कार्यवृत्तों से प्रशासकीय परिषद अवगत हुई।

1. वित्त समिति की 18वीं बैठक दिनांक 16.07.2013।
2. वित्त समिति की 19वीं बैठक दिनांक 19.06.2014।

**09.05 संस्थान में स्ववित्त पोषित आधार पर रोजगारपरक एक वर्षीय पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा पाठ्यक्रम के प्रारम्भ करने पर विचार। ।**

प्रशासकीय परिषद द्वारा संस्थान में स्ववित्त पोषित आधार पर एक वर्षीय पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा पाठ्यकमों को प्रारम्भ किये जाने का औचित्य नहीं पाया गया।

**09.06. श्री अवधेश कुमार मौर्य के प्रकरण में शासन के निर्देशानुसार उनकी नियुक्ति विषयक।**

प्रस्ताव को वापस लिया गया।

**09.07 संस्थान में स्ववित्त पोशित आधार पर संचालित बी0टेक0 बायोटेक्नोलॉजी पाठ्यकम हेतु शैक्षिक एवं तकनीकी सहायक के पदों के सृजन पर विचार।**

प्रशासकीय परिषद द्वारा संस्थान में स्ववित्त पोषित आधार पर संचालित बी0टेक0 बॉयोटेक्नोलॉजी पाठ्यकम हेतु शैक्षिक/अशैक्षिक पदों के सृजन के प्रस्ताव को वित्त समिति की आगामी बैठक में रखे जाने के निर्देश प्रदान किये गये।

**09.08 संस्थान में 01 अप्रैल, 2005 के उपरान्त नियुक्त शैक्षिक एवं अशैक्षिक कर्मचारियों पर नव परिभाषित अंशदान पेंशन योजना लागू करने के सम्बन्ध में विचार।**

चूँकि नवीन पेंशन योजना सभी विभागों में लागू है। अतः संस्थान में भी इसे तत्काल लागू किया जाय।

09.09 **श्री धर्मेन्द्र कुमार तिवारी, (तकनीकी सहायक डिग्री स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रम), मेकेनिकल इंजीनियरिंग को एम0टेक0 पाठ्यक्रम पूर्ण करने हेतु अवकाश स्वीकृत किये जाने पर विचार।**

प्रशासकीय परिषद द्वारा उपरोक्त प्रस्ताव पर इस शर्त के साथ सैद्वान्तिक सहमति प्रदान की गयी कि श्री धर्मेन्द्र कुमार तिवारी (तकनीकी सहायक, डिग्री स्ववित्त पोषित पाठ्यक्र) मैकेनिकल इंजीनियरिंग को एम0टेक0 पाठ्यकम सफलतापूर्वक पूर्ण करने के उपरान्त संस्थान में उनके द्वारा योगदान देने पर उनको नियमानुसार देय अवकाश आदि स्वीकृत किये जाने की कार्यवाही की जाय।

09.10 **संस्थान में स्ववित्त पोषित आधार पर संचालित डिग्री पाठ्यक्रमों में शैक्षिक सत्र 2014–15 हेतु संविदा आधारित व्याख्याताओं की नियुक्तियां विषयक।**

प्रशासकीय परिषद द्वारा संस्थान में स्ववित्त पोषित आधार पर संचालित डिग्री पाठ्यक्रमों में शैक्षिक सत्र 2014–15 हेतु संविदा आधारित चयनित व्याख्याताओं को शासन द्वारा गत वर्ष की भाँति निर्धारित मानदेय पर रखे जाने हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया। साथ ही आगामी शैक्षणिक सत्र 2015–16 से अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद, नई दिल्ली के मानक के अनुरूप अर्ह अभ्यर्थियों का ही चयन किये जाने के निर्देश दिये गये।

09.11 **संस्थान के डिप्लोमा संकाय में कार्यरत शैक्षिक व अशैक्षिक कर्मचारियों को सामान्य भविष्य निधि से अग्रिम प्राप्त करने में कठिनाई विषयक।**

प्रशासकीय परिषद द्वारा संस्थान के डिप्लोमा संकाय में कार्यरत शैक्षिक व अशैक्षिक कर्मचारियों को सामान्य भविष्य निधि से आहरण में आ रही कठिनाइयों के निराकरण हेतु महालेखाकार, उ0प्र0 इलाहाबाद से संस्थान के नाम से भविष्य निधि के अग्रिमों के आहरण हेतु पी0एल0ए0 खोले जाने हेतु कोषाधिकारी, कानपुर को प्राधिकार पत्र निर्गत करने का अनुरोध किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

09.12 **संस्थान के डिप्लोमा संकाय के शिक्षकों को प्रोन्नत वेतनमान एवं एसीपी की व्यवस्था के अन्तर्गत अगला ग्रेड वेतन की स्वीकृति के संबंध में विचार ।**

प्रशासकी परिषद द्वारा यह निर्देश दिया गया कि इस संबंध में निदेशक, प्राविधिक शिक्षा द्वारा वित्त विभाग के नवीनतम शासनादेश के अनुरूप प्रकरण का परीक्षण कर प्रस्ताव शासन को उपलब्ध करायें।

09.13 **डिप्लोमा संकाय में स्ववित्त पोषित आधार पर 2009–10 से संचालित इलेक्ट्रानिक्स इंजीनियरिंग त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम में छात्रों की संख्या में निरन्तर कमी विषयक।**

बैठक में विस्तृत विचार–विमर्श के उपरान्त प्रशासकीय परिषद द्वारा स्ववित्त पोषित आधार पर संचालित इलेक्ट्रानिक्स इंजीनियरिंग के डिप्लोमा स्तरीय पाठ्यक्रम में विकलांग छात्रों की संख्या में निरन्तर कमी होने के दृष्टिगत आगामी शैक्षणिक सत्र 2015–16 से नवप्रवेशित विकलांग छात्रों को डिप्लोमा स्तरीय पाठ्यक्रमों में अध्ययन हेतु आकर्षित करने के उद्वेश्य से

शासन द्वारा निर्धारित शिक्षण शुल्क (वर्तमान में रू0 21,000/–) का 50 प्रतिशत ही लिये जाने के निर्देश प्रदान किये।

09.14 **अन्य विषय माननीय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से.**

1. प्रशासकीय परिषद द्वारा संस्थान परिसर में स्थित छात्रावास सुविधा हेतु डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत विकलांग छात्रों को छात्रावास आंवटन के पश्चात शेष रिक्त सीटों पर संस्थान के स्ववित्त पोषित डिग्री पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत केवल विकलांग छात्रों में से प्रथम वर्ष में प्रवेशित छात्रों को प्राथमिकता प्रदान करते हुये छात्रावास सुविधा उपलबध करवाये जाने के निर्देश दिये गये।
2. प्रशासकीय परिषद ने विकलांग छात्रों की सुविधा हेतु संस्थान परिसर में एक लिफ्ट लगाये जाने हेतु निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0, कानपुर के माध्यम से अनुदान का प्रस्ताव विकलांग कल्याण विभाग उ0प्र0 शासन को भेजे जाने हेतु निर्देशित किया गया। अनुदान प्राप्त होने पर लिफ्ट की व्यवस्था तत्काल सुनिश्चित की जाय।

अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

(गौरव चन्द्रा)
सदस्य सचिव, प्रशासकीय परिषद
ए0आई0टी0एच0, कानपुर।
एवं
निदेशक
ए.आई.टी.एच., कानपुर

(संजीव मित्तल)
उपाध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद
ए0आई0टी0एच0, कानपुर।
एवं
प्रमुख सचिव
प्राविधिक शिक्षा विभाग
उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ

(प्रो0 शिवाकान्त ओझा)
अध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद,
ए0आई0टी0एच0, कानपुर।
एवं
मा0 मंत्री,प्राविधिक शिक्षा,
उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ